खबर संक्षेप

## शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया उमंग दिवस

**शहडोल।** शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहागपुर चापा में उमंग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ए.पी.सी. अरविंद पांडे ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर वाद-विवाद, प्रश्न मंच तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों एवं विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। उमंग दिवस को संबोधित करते हुए अरविंद पांडे ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना को भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार तिवारी, रंगनाथ शुक्ला, श्रीमती वंदना द्विवेदी, श्रीमती दिव्या दुबे, श्रीमती आराधना मिश्रा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मुजफ्फर बने समाजवादी पार्टी के जयसिंहनगर विधानसभा अध्यक्ष

**शहडोल।** समाजवादी पार्टी संगठन के पुनर्गठन के क्रम में जिले में नई जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। इसी क्रम में जयसिंहनगर विधानसभा का अध्यक्ष मुजफ्फर खान को नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष राशिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नियुक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव एवं प्रदेश



उपाध्यक्ष राकेश सिंह बघेल के दिशा-निर्देश पर की गई है। उन्होंने कहा कि संगठन विस्तार की प्रक्रिया तेज की जा रही है और जल्द ही विधानसभा स्तर पर इकाई का गठन भी किया जाएगा। मुजफ्फर खान, वरिष्ठ समाजवादी नेता स्वर्गीय सिकंदर खान के पुत्र हैं। स्व. सिकंदर खान शहडोल जिले की राजनीति में लोकप्रिय और प्रभावशाली व्यक्तित्व रहे हैं, जिनकी राजनीतिक विरासत और जनता से गहरे जुड़ाव के कारण आज भी उन्हें याद किया जाता है। इन्हीं सक्रियताओं और जनसंपर्क के आधार पर पार्टी ने मुजफ्फर खान को नई जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नई नियुक्ति से जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र में संगठन और अधिक मजबूत होगा और जन-आधार का विस्तार होगा।

## नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों में मिलेगी छूट

**शहडोल।** कार्यपालन अभियंता विद्युत मण्डल ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर 2025 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए बनाए गए विशेष न्यायालय शहडोल, ब्यौहारी, बुढ़ार, जयसिंहनगर में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु सिविल दायित्व की राशि में 20 प्रतिशत की छूट साथ ही ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। यह छूट समस्त घरेलू, कृषि एवं 05 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्वशक्ति भार तक औद्योगिक कनेक्शनों में दी जायेगी। इसी प्रकार उक्त अधिनियम 2003 की धारा 135/126 के तहत लंबित प्रिलिटिगेशन के प्रकरणों में सिविल दायित्त्व की राशि में 30 प्रतिशत एवं ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। यह छूट समस्त घरेलू कृषि एवं 05 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्वशक्ति भार तक औद्योगिक कनेक्शनों में दी जायेगी।

### विश्वविद्यालय में योग व आत्मरक्षा प्रशिक्षण की शुरुआत

# कुलपति डॉ. रमाशंकर की पहल से 300 छात्र-छात्राओं को मिल रहा लाभ

शहडोल।

पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल ने प्रधानमंत्री उषा परियोजना के तहत एक अनोखी पहल की है। विश्वविद्यालय परिसर में योग और कराटे आधारित सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई है। इस विशेष कार्यक्रम में 300 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए हैं, जो प्रतिदिन 2 घंटे तक योग और आत्मरक्षा की बारीकियां सीख रहे हैं।





### 15 दिन का विशेष शिविर

1 से 15 तारीख तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में छात्रों को मानसिक और शारीरिक मजबूती प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षकों का मानना है कि योग से एकाग्रता और आत्मनियंत्रण विकसित होता है, जबकि कराटे जैसे मार्शल आर्ट्स छात्रों को आत्मरक्षा के गुर सिखाकर आत्मनिर्भर बनाते हैं।

### कुलपति की पहल बनी प्रेरणा

इस कायक्रम की पहल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रमाशंकर के मार्गदर्शन में हुई है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन में आत्मविश्वास और सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। उनकी दूरदृष्टि और प्रयासों से यह प्रशिक्षण छात्रों के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने भी उनकी इस सोच की खुलकर सराहना की है।

### नारी शक्ति पर विशेष ज़ोर

प्रशिक्षण शिविर में विशेष रूप से महिला छात्रों को आत्मरक्षा की तकनीकों पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्हें सिखाया जा रहा है कि किसी भी आपात स्थिति में बिना डर के कैसे खुद को सुरक्षित रखा जाए। छात्राओं ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण उनके आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयों पर ले जा रहा है।

### छात्रों का सर्वांगीण विकास

इस शिविर में बौद्धिक विकास, शारीरिक फिटनेस और अनुशासन पर बराबर ध्यान दिया जा रहा है। प्रशिक्षकों का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं में जिम्मेदारी और आत्मनिर्भरता की भावना जगाने का काम करते हैं। योग और आत्मरक्षा का यह मेल छात्रों को न केवल स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करेगा बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से भी मजबूत बनाएगा।

### भविष्य की योजनाएं

विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि आने वाले समय में ऐसे प्रशिक्षण शिविरों का दायरा और बढ़ाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को इससे जोड़ा जा सके। इस पहल को प्रधानमंत्री उषा परियोजना के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है।




## वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

**शहडोल।** मतदाता सूची में हेराफेरी और चुनावी धांधली के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल ने शुक्रवार को वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने एकजुट होकर भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर चुनाव आयोग के साथ मिलकर मतदाताओं का वोट चुराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद और देश की जनता के सामने पुख्ता सबूत रखे हैं कि किस तरह मृत और फर्जी वोटरों का इस्तेमाल चुनाव परिणाम प्रभावित करने के लिए किया गया। लोकतंत्र की यह खुलेआम हत्या है और इसके खिलाफ कांग्रेस सडक़ से लेकर सदन तक लड़ाई जारी रखेगी, अवस्थी ने कहा।

नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, बुढ़ार जनपद अध्यक्ष उमा धुर्वे और वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीनिवास शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया। नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी ने वोट चोरी की सच्चाई उजागर कर लोकतंत्र की रक्षा का बिगुल फूंका है। कांग्रेस एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत की जननी है और अब इसे बचाने के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ेगी।

धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, पूर्व पार्षद प्रभात पांडेय, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी सहित कांग्रेस और एनएसयूआई के सैकड़ों नेता शामिल हुए।

### किराये की डिग्री पर मेडिकल स्टोर

# स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी से दांव पर मरीजों की जिंदगी

शहडोल।

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलने वाली तस्वीर सामने आई है। वर्षों से किराये की डिग्री पर मेडिकल स्टोर खुलेआम संचालित हो रहे हैं, लेकिन आज तक स्वास्थ्य विभाग ने किसी पर भी सख्त कार्रवाई नहीं की। शहर से लेकर गांव तक, सिविल अस्पताल से लेकर निजी क्लीनिकों तक, दवा दुकानों की यह अनियमितता आम बात बन चुकी है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कानून साफ कहता है कि केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट ही मेडिकल स्टोर चला सकते हैं, तो फिर यह गैरकानूनी खेल जिले में बेरोकटोक कैसे चल रहा है?

### कागजों पर मौजूद 'फार्मासिस्ट'

जिले में बड़ी संख्या में ऐसे मेडिकल स्टोर हैं जिनके पंजीकरण फार्मासिस्ट के नाम पर तो हैं, लेकिन दुकान पर उनकी मौजूदगी कभी नहीं होती। असली फार्मासिस्ट मोटी रकम लेकर अपनी डिग्री मेडिकल स्टोर मालिकों को 'किराये' पर सौंप देते हैं और खुद कहीं और नौकरी या निजी व्यवसाय करते हैं। बदले में हर महीने तय रकम 'फीस' की तरह दुकानदार से वसूल की जाती है। दुकान पर बैठने वाले कर्मचारियों को दवाओं की न तो वैज्ञानिक जानकारी होती है और न ही जीवन रक्षक इंजेक्शन या प्रतिबंधित दवाओं के सही उपयोग की समझ। फिर भी वे खुलेआम इन दवाओं की बिक्री करते हैं। यह सिलसिला न केवल कानून का मखौल है बल्कि मरीजों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ भी है।

### मुनाफे का धंधा, मरीज मजबूरी में शिकार

दवा कारोबार जिले में आज 'मुनाफे का धंधा' बन चुका है। ग्रामीण अंचलों में यह स्थिति और भयावह है, जहां मरीजों के पास विकल्प नहीं होते। उन्हें वही दवाएं खरीदनी पड़ती हैं जो दुकानदार देता है, चाहे वह गलत हो या महंगी। निजी अस्पतालों में स्थिति और खराब है। डॉक्टर अक्सर वही दवाएं लिखते हैं जो अस्पताल से जुड़े मेडिकल स्टोर में ही मिलती हैं। मरीज



जब बाहर दवा खोजते हैं तो पता चलता है कि वही दवा केवल अस्पताल के स्टोर पर उपलब्ध है और उसकी कीमत बाजार से दो से तीन गुना ज्यादा है। मजबूरी में मरीज और उनके परिजन खुली लूट के शिकार होते हैं।

### स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता

स्वास्थ्य विभाग के नियम साफ कहते हैं कि मेडिकल स्टोर का संचालन पंजीकृत और प्रशिक्षित फार्मासिस्ट ही करेंगे। मगर वास्तविकता इसके उलट है। जिले में अब तक किसी भी मेडिकल स्टोर की नियमित जांच होती जनता ने नहीं देखी। निरीक्षण रजिस्टर भले ही विभाग के कार्यालय में पूरे हों, लेकिन यह आंकड़े केवल कागजों तक सीमित हैं। जब कभी अधिकारियों से सवाल किया जाता है तो उनका जवाब यही होता है कि स्टाफ की कमी है, नियमित निरीक्षण संभव नहीं, लेकिन हकीकत यह है कि कभी पहल ही नहीं की जाती। कार्रवाई का डर खत्म हो चुका है और लाइसेंस निलंबन या रद्द करने की कार्रवाई केवल फाइलों तक सिमटकर रह गई है।

### निजी अस्पतालों की लूट

जिले के कई निजी अस्पतालों में तो स्थिति और भी खराब है। यहां डॉक्टर और मेडिकल स्टोर मालिक की मिलीभगत से मरीजों से खुली लूट की जाती है। डॉक्टर वही दवाएं लिखते हैं जो उनके अस्पताल के स्टोर में ही बिकती हैं। इनकी कीमतें बाजार से कई गुना ज्यादा रखी जाती हैं। बिलिंग की कोई जांच नहीं होती और न ही दवाओं की गुणवत्ता पर कोई नजर रखी जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह लूट केवल लापरवाही का नतीजा नहीं बल्कि स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल संचालकों के बीच की अनकही साझेदारी है। वरना इतने सालों से जारी इस धंधे पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

### मरीजों की जिंदगी पर खतरा

दवाओं की गलत खुराक, एक्सपायरी स्टॉक और बिना जानकारी के जीवनरक्षक इंजेक्शन बेचना किसी भी मरीज की जान के लिए खतरा बन सकता है। चिकित्सा विज्ञान में छोटी सी गलती भी जानलेवा साबित हो सकती है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि स्वास्थ्य विभाग कब जागेगा? क्या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जिम्मेदार कार्रवाई करेंगे? किराये की डिग्री पर मेडिकल स्टोर चलाना न केवल अवैध है बल्कि नैतिक दृष्टि से भी अपराध है। यह व्यवस्था केवल लालच और मुनाफे पर टिकी है, जिसमें मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य का कोई स्थान नहीं। यदि यह धंधा ऐसे ही चलता रहा तो आने वाले समय में इसका खामियाजा पूरा समाज भुगतेगा।

### जिला प्रशासन और विभाग पर सवाल

जिले में स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता पर अब सवाल उठने लगे हैं। आखिर क्यों आज तक किसी मेडिकल स्टोर का लाइसेंस रद्द नहीं हुआ? क्यों दवाओं की कीमत और बिलिंग की जांच नहीं हुई? क्यों निजी अस्पतालों को खुली छूट मिली हुई है? स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग दोनों की भूमिका संदिग्ध है। अगर यह लापरवाही अनजाने में है तो घोर अक्षम्य है, और अगर जानबूझकर है तो यह भ्रष्टाचार का बड़ा उदाहरण है।

# प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजयुमो का प्रदर्शन

थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल शहडोल के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी का कड़ा विरोध दर्ज कराया। भाजयुमो नेताओं ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर वार्ड क्रमांक 22 निवासी सोहनलाल गुप्ता के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की।

भाजयुमो पदाधिकारियों का आरोप है कि सोहनलाल गुप्ता सोशल मीडिया पर लगातार प्रधानमंत्री को अपमानित करने वाली टिप्पणियाँ पोस्ट करता है, जिससे न केवल देश के सर्वोच्च पद की गरिमा को ठेस पहुँच रही है बल्कि करोड़ों देशवासियों की भावनाओं को भी आघात लग रहा है। भाजयुमो ने इसे राष्ट्र विरोधी कृत्य बताते हुए चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगा।



ज्ञापन सौंपने वालों में नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष मधु गौतम, ऋतुराज गुप्ता, गोपाल शर्मा, संचिता सर्वटे, राकेश सैनी, सोनू जैसवाल, नगर महामंत्री नागेंद्र गोले, अनमोल सोनी, नगर मंत्री अंजना गुप्ता, राजेश सोनी, सीमा सराफ, राकेश कनौजिया, आयुष पाण्डेय, चन्द्रकान्त दुबे, नगर कोषाध्यक्ष अमन खरया, नगर सह-कोषाध्यक्ष प्रयाग महाजन, नगर कार्यालय मंत्री अंकित सराफ, सह-कार्यालय मंत्री मोहित कुमार गुप्ता, नगर सोशल मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र वर्मन, सह- सोशल मीडिया प्रभारी आदित्य पाण्डेय, नगर मीडिया प्रभारी अमित दुबे, सह-मीडिया प्रभारी अजय मोटवानी, नगर कार्यालय प्रभारी प्रदीप गुप्ता, नगर आईटी सेल प्रभारी लवकेश तिवारी तथा भाजपा आईटी सेल नगर संयोजक राजेश सिंह चौहान शामिल रहे।

वहीं जिला स्तर से भी अमित मिश्र जिला महामंत्री, अंकुश शर्मा जिला कार्यालय मंत्री, सौरफ गोल जिला मंत्री, संतोष लोहानी जिला उपाध्यक्ष, आदित्य चपारा व जिलाध्यक्ष अमित चपारा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजयुमो नेताओं ने स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की गरिमा और गौरव का प्रतीक हैं, उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी।

# शहडोल नगर की सडकों पर रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराएंः कमिश्नर

शहडोल।



कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने प्रबंधक एमपीयूडीसी एवं मुख्य अभियंता (मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधिकारियो की बैठक ली। बैठक में शहडोल नगर की सडकों के निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने प्रबंधक एम.पी.यू.डी.सी को निर्देशित किया कि जिन सडकों पर सिवरेज का कार्य पूर्ण हो चुका है उनकी एन.ओ.सी. मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल को उपलब्ध करायें एवं शहडोल नगर की जिन सडकों पर रेस्टोरेशन का कार्य एम.पी.यू.डी.सी द्वारा किया जा रहा है, उन्हें शीघ्रता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर नें मुख्य अभियंता मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड शहडोल जोन को निर्देश दिए कि विद्युत पोल सिफटिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री एमपीईबी, शहडोल नगर पालिका से प्राप्त प्रस्तावों पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ संयुक्त भ्रमण कर शीघ्र कार्यवाही भी करें।

### गोड़वाना गणतंत्र पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

# डॉक्टर पर शराब के नशे में मारपीट का आरोप, खाद संकट पर भी जताई चिंता



शहडोल।

गोड़वाना गणतंत्र पार्टी (युवा मोर्चा) ने शुक्रवार को जयसिंहनगर में अनुविभागीय दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन और सहकारी केन्द्रों में व्याप्त अव्यवस्थाओं के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। पार्टी ने प्रशासन को सात दिवस का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो जन आंदोलन किया जाएगा।

### यह रखी ज्ञापन में मांग

अस्पताल कांडः पार्टी ने आरोप लगाया कि जयसिंहनगर सिविल अस्पताल में पदस्थ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद सिंह पटेल 12 अगस्त की रात कथित रूप से शराब के नशे में 5-6 साथियों के साथ अस्पताल पहुंचे और प्रसूता महिला के परिजनों से गाली-गलौज और मारपीट की। शिकायत के बावजूद पुलिस व प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। पार्टी ने दोषी डॉक्टर को तत्काल पद से हटाने की माँग की।

**मारपीट व चोरीः** ग्राम लपरी निवासी देवराज सिंह गोंड से मारपीट व चोरी करने वाले आरोपी राज पाठक को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने की माँग रखी गई।

**खाद संकटः** ज्ञापन में सहकारी केन्द्रों पर यूरिया खाद की भारी कमी व कालाबाजारी का मुद्दा उठाते हुए कहा गया कि किसान सुबह से शाम तक लाइन में खड़े रहते हैं, फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। पार्टी ने खाद आपूर्ति और वितरण प्रणाली को व्यवस्थित करने की माँग की। गोड़वाना गणतंत्र पार्टी ने कहा कि किसानों, आमजन और पीड़ितों से जुड़े इन गंभीर मुद्दों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में कार्यवाहक जिला अध्यक्ष (युवा मोर्चा) दीपक सिंह परस्ते, दयाराम सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### हाई स्कूल भालूमाड़ा में उल्लासपूर्वक मनाया गया उमंग दिवस



**हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।** उमंग दिवस पीएम शासकीय हाई स्कूल भालूमाड़ा मे बड़े ही उमंग एवं उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी एवं नगर पालिका परिषद पसान के उप यंत्री अविनाश मरकाम पार्षद इंद्रलाल केवट एवं पार्षद दीपक यादव एवं क्षेत्र के अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा की शासकीय स्कूल में पढ़ना आज के समय में गौरव की बात है उन्होंने भालूमाड़ा में पीएम खुलने पर हर्ष व्यक्त किया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रहे ने कहा विद्यालय काफी स्वच्छ एवं नए गतिविधियों से पढ़ाई कराई जा रही है पार्षद ने भी बच्चों को मार्गदर्शन दिया उमंग दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम कराए गए जिसका सभी लोगों ने अवलोकन किया। जैसे चित्रकला रंगोली वाद विवाद एवं कई प्रतियोगिताएं कराई गई। इन प्रतियोगिताओं में आए प्रथम एवं द्वितीय प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने पीएम विद्यालय बनने पर हर्ष व्यक्त किया एवं बच्चों को डायरी बांटी गई पीएम विद्यालय बनने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अभिभावक एवं मंडल अध्यक्ष ने जिले के कुशल जिलाअध्यक्ष अनूपपुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक आयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी क्षेत्रीय संयोजक रमसा प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सामूहिक रूप से धन्यवाद प्रेषित किया गया विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### भाजपा मंडल राजनगर का मंडल कार्यशाला का सेवा पखवाड़ा का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल राजनगर द्वारा आयोजित मंडल कार्यशाला सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम नगर परिषद बनगवां ( राजनगर) के राजीव गांधी भवन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिले के उपाध्यक्ष व मंडल राजनगर के प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह परिहार, मंडल राजनगर के अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, भाजपा वरिष्ठ नेता गजेंद्र सिंह सिकरवार, वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर द्विवेदी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुनीता सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता मदन त्रिपाठी, सच्चिदानंद सिंह, महेश जेठानी, अरविंद सिंह परिहार, मनीष शुक्ला अंबिकेश सोनी, दिनेश चतुर्वेदी, सुनील गुप्ता, गिरजा विश्वकर्मा संतोष जायसवाल, महफूज आलम, संजय वर्मा, सचिन द्विवेदी, नारायण साहू, सुश्री पूजा केवट, बूथ अध्यक्ष ईश्वर दिन केवट, सुनील सोनी, विष्णु यादव, शिशुपाल पटेल, उपेंद्र तिवारी, राजकुमार सिंह, जितेन्द्र चौहान, रिंकू वर्मा, विनोद मिश्रा, आकाश पात्रों, वह विभिन्न मोर्चा और प्रकोष्ठों के समस्त मंडल पदाधिकारीयो की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ और सेवा पखवाड़ा के आगामी संगठन गतिविधि को लेकर मंडल प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह परिहार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### तेंदुए को भगाने बैंड-बाजा और आतिशबाजी

**बरही।** क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से तेंदुआ की चहलकदमी से ग्रामीण दहशत में है। तेंदुआ को अब तक वन विभाग पकड़ नहीं पाया है। कई बार पिंजड़े में बकरा बांधकर तेंदुए को पकड़ने की कोशिश की गई, लेकिन तेंदुआ हर बार चकमा देकर निकल जाता है। लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ऐसे हालात में अब वन विभाग ने तेंदुए को खदेड़ने के लिए बैंड-बाजा और आतिशबाजी का सहारा लेने का निर्णय लिया है। योजना के तहत ढोल-नगाड़ों, पटाखों और शोर-शराबे की मदद से तेंदुए को आबादी वाले क्षेत्र से दूर भगाने की कवायद की जाएगी।

**चरम पर सिंहपुर वितरण केंद्र में गड़बड़ी**

# फर्जी हस्ताक्षर कर लंबी दूरी के कनेक्शन जारी

**शहडोल। जिले के सिंहपुर विद्युत वितरण केंद्र में इन दिनों विद्युत कनेक्शन को लेकर भारी अनियमितता सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, यहां नियमों को ताक पर रखकर लंबी दूरी के कनेक्शन में फर्जीवाड़ा कर भारी भरकम रकम लेकर जारी किए जा रहे हैं। जबकि विद्युत वितरण कंपनी के नियमानुसार उपभोक्ताओं को लगभग अधिकतम 40 मीटर की दूरी के भीतर ही कनेक्शन देना अनुमत है, लेकिन यहां एक से दो किलोमीटर दूर तक के कनेक्शन फर्जी हस्ताक्षर कर जारी किए जा रहे हैं। इस मामले को संबंधित फरियादी ने अपने उच्च अधिकारी से जांच पड़ताल कर न्याय की गुहार लगाई है।**




### यह है मामला

सिंहपुर विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम पुरनिहा जोधपुर फीडर एजी पंप कनेक्शन जिसका सर्विस क्रमांक 1107030519 एवं 110703 520 में फर्जीवाड़ा किया गया है। इस पूरे मामले में जोधपुर फीडर के युवराज पटेल ने मुख्य भूमिका निभाई है जोधपुर फीडर के अंतर्गत पुरनिया ग्राम में 2 विद्युत का स्थाई कनेक्शन बगैर विभाग के कर्मचारियों के सहमति के फर्जी तरीके से कर दिया गया है जिसकी दूरी एक किलोमीटर से डेढ़ किलोमीटर दी गई है वहीं फरियादी ने इस पूरे मामले की फाइल व सर्वे की दोबारा जांच पड़ताल करने की बात उच्च अधिकारियों से की है जिससे दोषीजनों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

### फर्जी हस्ताक्षर का खेल

मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब यह खुलासा हुआ कि इन कनेक्शनों को जारी करने में विभाग के फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल किया जा रहा है। यानी जिनके माध्यम व जिनकी भौतिक व लिखित सहमति पर ही आवेदन को आगे बढ़ाया जाता है, साथ ही इनकी सर्वे रिपोर्ट तैयार कर कनेक्शन जारी किए जाते है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इस पूरे मामले में सिंहपुर वितरण केंद्र में पदस्थ आउटसोर्स कर्मचारी और जिम्मेदार विभाग के जूनियर इंजीनियर की मिलीभगत सामने आ रही है।

### अर्से से चल रहा गोरखधंधा

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि लंबे समय से यह गोरखधंधा पूरे विद्युत वितरण केंद्र में बखूबी चल रहा है, जिसमें ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों की अनभिज्ञता का फायदा उठाकर लाखों रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। एक कनेक्शन के एवज में 10 से 20 हजार रुपए तक की मांग की जा रही है, जो पूरी तरह से अवैध है।इस संबंध में जब सिंहपुर वितरण केंद्र के विभागीय जेई श्रीवास्तव से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो हमेशा की तरह उन्होंने फोन नहीं उठाया गया।

### लेनदेन पर भी हो करवाई

सिंहपुर विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत पंप कनेक्शन, पोल बढ़ाने हेतु, ट्रांसफार्मर, एनओसी सहित अन्य कागजी प्रक्रिया में उपभोक्ता के द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों के लेन देन पर भी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। ताकि भविष्य में इस तरह के मामले न आ सके। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विद्युत मंडल के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह भ्रष्टाचार का जाल और भी फैल सकता है, जिससे न केवल शासन को राजस्व की हानि होगी, बल्कि आम उपभोक्ताओं का विश्वास भी टूटेगा।

# पीएम जनमन योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**कलेक्टर ने 10 पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों का वेतन काटने के दिए निर्देश**

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में बड़ा कदम उठाते हुए 10 पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों का एक-एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण न करने और गंभीर लापरवाही बरतने पर की गई है। समीक्षा बैठक में पाया गया कि जिन आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण 31 मई तक पूरा होना था, वे न केवल अधूरे पड़े हैं, बल्कि अतिरिक्त तीन माह का समय मिलने के बाद भी काम पूरा नहीं किया गया। कई भवन दीवार स्तर तक ही बने हैं, तो कुछ छत तक पहुंचकर अधूरे छोड़ दिए गए।
कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी पीएम जनमन योजना के तहत आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण ग्रामीण बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा से सीधा जुड़ा हुआ है। इसमें लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की उदासीनता के कारण आम जनता को योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा, इसलिए जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### इन पर गिरी गाज

जिन पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों के वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं, उनमें जनपद पंचायत सोहागपुर ग्राम पंचायत खोह के रोजगार सहायक नीलमणि बंजारा, ग्राम पंचायत धनौरा के सचिव बृजेन्द्र जायसवाल, जनपद पंचायत गोहपारू ग्राम पंचायत पाथर की सचिव श्रीमती आशा सिंह, ग्राम पंचायत बरहा की सचिव ददुआ सिंह, जनपद पंचायत जयसिंहनगर ग्राम पंचायत कोठीगढ़ के सचिव जगमोहन सिंह, ग्राम पंचायत बतौड़ी के सचिव श्यामदास चतुर्वेदी, ग्राम पंचायत बनसुकली के सचिव राकेश कुमार उर्मलिया, ग्राम पंचायत देवरी के सचिव रमाकांत द्विवेदी, जनपद पंचायत ब्यौहारी ग्राम पंचायत खरपा के सचिव विवेक कुमार मिश्रा, ग्राम पंचायत सरवाही कला के सचिव प्रमोद कुमार साहू का नाम शामिल है।

### लापरवाही पर जीरो टॉलरेंस

कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाए और आगे से इस तरह की स्थिति न बने, इसके लिए निगरानी तंत्र को और मजबूत किया जाए। उन्होंने साफ कहा कि भविष्य में यदि निर्माण कार्यों में लापरवाही पाई गई तो वेतन काटने के साथ-साथ सेवा से निलंबन तक की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक सख्ती के इस कदम से जिले भर की पंचायतों में हलचल मच गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ऐसे ठोस कदम समय-समय पर उठाए जाएं तो न केवल योजनाओं की गुणवत्ता बेहतर होगी बल्कि समय-सीमा में कार्य भी पूरे हो सकेंगे।

# दोहरी हत्याकाण्ड की आरोपी महिला को दोहरा आजीवन कारावास

### सौतली बेटी, सास को उतारा था मौत के घाट

**शहडोल।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र के ग्राम दरैन के दोहरी हत्या के मामले में जयसिंहनगर न्यायालय द्वारा दोषी महिला को को दोहरे आजीवन कारावास से दंडित किया गया है। उस पर सास और सौतेली बेटी की हत्या करने का आरोप था।
जिला अभियोजन अधिकारी हरिओम कुसमाकर बैस द्वारा निर्णय की जानकारी देते हुए बताया गया कि मामला जिला स्तरीय समिति द्वारा चिन्हित किया जाकर जघन्य और सनसनीखेज प्रकरणों की सूची में शामिल किया गया था, प्रकरण में अभिययोजन द्वारा 26 गवाह और 15 दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सावित्री व उसकी नातिन लक्ष्मी अपने परिवार के साथ रहते थे। परिवार में कामता, उसकी पत्नी उर्मिला और नकुल एक साथ रहते थे। अभियुक्त कामता उर्फ शंभू के पहली पत्नी की मृत्यु होने पर उर्मिला को दूसरी पत्नी बनाकर रखा था। उसकी पहली पत्नी से लक्ष्मी हुई थी। उर्मिला उसकी सास सावित्री से सदैव विवाद करती रहती थी एवं लक्ष्मी से नफरत करती थी। घटना 17 जून 2019 की रात में सावित्री व लक्ष्मी दोनों साथ में सोए थे, तभी अभियुक्त कामता उर्फ शंभू खेत में आम रखवाली करने चला गया। घर में नकुल कुशवाहा तथा उर्मिला थी। रात्रि में उर्मिला ने फावड़ा से सोई हुई सावित्री उर्फ समुद्री बाई के सिर व गर्दन में 4-5 बार प्रहार किए जिससे उसकी मृत्यु हो गई। उर्मिला के प्रहार करते समय सावित्री के साथ सोई उसकी नातिन लक्ष्मी के जागकर चिल्लाने पर उर्मिला ने उस पर भी हमला कर दिया। उसके नाक में फावड़ा से प्रहार किया, जिससे उसकी भी मृत्यु हो गई।

### हत्या के बाद छुपाई थी लाशें

हत्या के बाद उर्मिला ने सावित्री के शव को घसीटते हुए बाड़ी के गोबरीला में ले जाकर घास-फूंस से ढंककर छिपा दिया और लक्ष्मी के शव को कथरी में लपेटकर लोहे के बक्से में छिपा दिया। कामता उर्फ शंभू ने अगले दिन 18 जून 2019 सुबह घर आकर उर्मिला से उसकी मां सावित्री व पुत्री लक्ष्मी के बारे में पूछा। उर्मिला ने उसे बताया कि रात में यहां सोए थे पता नहीं कहां चले गए हैं। तत्पश्चात कामता उर्फ शंभू उसकी बहन मीना के यहां ग्राम दरमोहनी जिला बिलासपुर (छग) चला गया।

### दुर्गन्ध आने पर चला पता

पड़ोसियों द्वारा सावित्री व लक्ष्मी के बारे में पूछने पर उर्मिला ने बताया कि घर में बिना बताए कहीं चले गए हैं। घटना के बाद उर्मिला ने लक्ष्मी के शव को घर से निकालकर कमलभान सिंह के कुएं में ले जाकर फेंक दिया एवं उसके ऊपर बेशरम की झाडियां डाल दीं। 21 जून 2019 के सुबह लगभग 7:30 बजे साक्षी पूनम कुशवाहा अपने घर में गोबर इक_ा कर बाड़ी में फेंकने गई तो, उसे तेज दुर्गंध आई। उसने आस-पास देखा तो अभियुक्तगण की बाड़ी के गोबर के ढेर में एक लाश पड़ी हुई दिखाई दी। तब वह उर्मिला के घर पहुंची और उसे बताया कि उसके बाड़ी में बांस के पास किसी का शव पड़ा है। दोनों ने जाकर देखा, फिर उर्मिला ने गांव के अन्य लोगों को जानकारी दी। कामता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

### उर्मिला ने ही दी पुलिस को सूचना

उर्मिला की सूचना पर मर्ग लेखबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। घटनास्थल पर जाकर पूछताछ करने पर पता चला कि शव सावित्री का है, तब लक्ष्मी की तलाश प्रारंभ की गई, तलाश करते समय उसका शव कमलभान सिंह के क्षतिग्रस्त कुएं में पड़ा हुआ मिला। सावित्री व लक्ष्मी के शव सड़ चुके थे, कीड़े लग गए थे। साक्षियों से पूछताछ करने उपरांत यह तथ्य प्रकाश में आया कि उर्मिला तथा कामता उर्फ शंभू द्वारा घटना कारित की गई। उन्हें अभिरक्षा में लिया गया। साक्षियों के कथन उपरांत मर्ग जांच के बाद अभियुक्तगण के विरुद्ध धारा 302, 201 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। सम्पूर्ण विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायलय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य, दस्तावेज, तर्क से उर्मिला के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाया। उसे दोषी करार देकर दंडित किया।

# दस्तावेजों में हेराफेरी कराने वाले सर्विस प्रोवाइडरों के लाइसेंस निलंबित

### अगस्त माह के पंजीयनों की जांच के निर्देश

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले में भूमि क्रय-विक्रय एवं रजिस्ट्री प्रक्रिया में हो रही हेराफेरी पर सख्त रुख अपनाते हुए पांच सर्विस प्रोवाइडरों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। साथ ही अगस्त माह में किए गए सभी विक्रय-पत्र पंजीयनों की गहन जांच करने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए गए हैं। जारी आदेश में बताया गया कि राजाभंभानी निवासी बुढ़ार द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया था कि ग्राम हड़हा की भूमि आराजी खसरा क्रमांक 42 से 58 तक की रजिस्ट्री, प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद की गई। इसी तरह अन्य मामलों में भी गंभीर शिकायतें सामने आईं, जैसे विक्रेता की सहमति के बिना रजिस्ट्री, मृतक व्यक्ति के स्थान पर समान शक्ल वाले व्यक्ति को खड़ा कर दस्तावेज तैयार करना, पॉवर ऑफ अटार्नी निरस्त होने के बाद भी रजिस्ट्री करना और प्रतिबंधित भूमि का अवैधानिक पंजीयन करना।
इन अनियमितताओं में दोषी पाए जाने पर मोहम्मद सैफ अंसारी, अभिषेक कुमार गुप्ता, गंगा सागर सिंह, प्रीति शुक्ला और स्वरूप सरकार के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।
इसके अलावा कलेक्टर ने अगस्त 2025 में किए गए सभी विक्रय-पत्र पंजीयनों की सूची प्राप्त कर एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विक्रेता एवं क्रेता की समक्ष सुनवाई कर ही नामांतरण की कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि दोनों पक्ष पंजीयन से संतुष्ट हों। साथ ही जिन प्रकरणों में म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6-क) के तहत अनुमति आवश्यक थी, उनकी भी जांच कर समुचित कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि दोषी पाए जाने वाले दस्तावेज लेखकों और संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध भी नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# रुकने का नाम नहीं ले रहा अतिक्रमण

### अतिक्रमण हटाने पहुंची संयुक्त टीम, बीस दुकानदारों के बनाये पंचनामा

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के मुख्य मार्ग में अतिक्रमण रुकने का नाम नहीं ले रहा है और उसके बाद दुकानदारों के द्वारा सड़कों पर ही बढ़कर दुकान लगा ली जाती है साथ ही दुकानों के फ्लेक्स बोर्ड भी सड़क पर रख दिए जाते हैं जिसके कारण प्रतिदिन घंटो जाम की स्थिति निर्मित हो जाती थी। नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ सी यम ओ प्रदीप झारिया के द्वारा शुक्रवार को पुलिस नपा के राजस्व एवं सफाई कर्मचारियों एवं संसाधन लेकर अतिक्रमण हटाने के साथ ही फ्लेक्स बोर्ड को जप्त करने की कार्यवाही के साथ ही पंचानामा बनाया गया।

### निकले नगर की सड़कों पर

नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ सी यम ओ प्रदीप झारिया परिषद के सदस्य थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल पुलिस एवं नपा अमले के साथ शुक्रवार को नगर के सड़कों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने निकल गए जहां दुकानदारों को समझाइए देते हुए सड़क पर बढ़कर दुकान लगाए जाने के निर्देश दिए गए। नगर की गलियों से आक्रमण हटाने निकली टीम के द्वारा सड़कों पर रखें दुकानों के फ्लेक्स बोर्ड को हटाते हुए नगर पालिका के वाहन में लगभग 20 दुकानदारों के फ्लेक्स बोर्ड जप्त करने की कार्यवाही की गई।

### बीस दुकानदारों के बनाये पंचनामा

टीम के द्वारा दुकानों के बाहर पर दुकान लगाते हुए सड़क पर ही समान रखवा दिया जाता है जिसके कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित होती है जिसको देखते हुए दुकानदारों को समझाइए दी गई। टीम के द्वारा पुराने स्टेट बैंक से गांधी चौक जाने वाले मार्ग में सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों के द्वारा सामान को सड़क पर ही रख दिया जाता है जिसके कारण आवागमन करने में परेशानी होती है जिसको देखते हुए टीम के द्वारा 20 दुकानदारों के पंचनामा तैयार करते हुए उनके दस्तखत करवाए गए और यह कहा गया कि अगर दोबारा से दुकान का सामान सड़क पर रखा देखा गया तो सामान जप्त करने के साथ ही कानूनी कार्यवाही की जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, सीएमओ प्रदीप झारिया, थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल, बद्री ताम्रकार, राजेंद्र सोनी, प्रदीप सोनी, राजस्व अधिकारी योगेंद्र तिवारी, रवि सोनी, रवि तिवारी, मनीष गर्ग, राहुल सोनी, जुगानी राम सहित सफाई कर्मचारी शामिल रहे।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से रिटायर्ड कॉलरी कर्मचारी की मौत

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** शुक्रवार को नेशनल हाईवे रोड पर बुढ़ानपुर चौराहे के समीप तेज रफ्तार कार की टक्कर से रिटायर्ड कॉलरी कर्मचारी लटोरे लाल सोनी 70 वर्ष निवासी बुढानपुर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। स्थानीय निवासी की मौत की खबर से लोग आक्रोशित हो गए एवं दुर्घटनाग्रस्त कार में सवार लोगों को भीड़ ने घेरकर पिटाई भी कर दिया।कार क्रमांक सीजी 15 सीवाई 1759 के चालक की बेकाबू गति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बाइक सवार को कुचलने के बाद कार हवा में उछलकर 50 फीट दूर खेत में फेंका गई। पुलिस की गाड़ी से अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना के बाद हाइवे चौकी, फुनगा सहित स्थानीय पुलिस पहुंच गई। हाईवे में एकत्र भीड़ एवं विवाद की शिकायत पर थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंच लोगो को शांत कराया एवं समझाइश भी दी गई। मामले में पुलिस आरोपी चालक के खिलाफ तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना किए जाने की धाराओं में मामला दर्ज करते हुए जांच की जा रही है। दोनों वाहनों को थाना ले जाया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि लटोरे लाल सोनी 70 वर्ष दो पहिया वाहन क्रमांक एमपी 65 एमए 70 88 से दोपहर 1 बजे के लगभग चारा एवं दूध लेकर दूसरे घर की ओर जा रहा था। हाईवे चौराहे पर बदरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। सर, सीने एवं पैर में गंभीर चोट सहित अन्य जगहों में चोट आने से मौत हो गई।



### इनका कहना है

सूचना पर पुलिस, एनएचएआई की टीम ने पहुंचकर डेलीनेटर (सूचना संकेत) लगाया एवं झाड़ियों की भी सफाई किया। दुर्घटना बाउल बोर्ड भी जल्द लगाने की बात कही। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंच ट्राफिक क्लियर कराया गया। चालक पर मामला दर्ज कर जांच जारी है।

**रत्नांबर शुक्ल**
**थाना प्रभारी कोतमा**

**खबर संक्षेप**

## कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न

**शहडोल।** शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार तिवारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ समिति शहडोल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सघन जागरूकता अभियान एचआईवी एड्स एस.टी.आई आर.टी .आई. के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में हीमोग्लोबिन टेस्ट, वजन टेस्ट एवं निशुल्क दवाई वितरण जिला चिकित्सालय से आए हुए मेडिकल टीम द्वारा किया गया। छात्राओं को आयरन की टैबलेट, कैल्शियम एवं ओआरएस जैसी दवाईयां निशुल्क उपलब्ध कराई गई, साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया। शिविर में डॉ रश्मि साहू एवं आयुष चिकित्सक आर.बी.एस.के. द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना एवं मुख्यमंत्री श्रवण योजना आदि विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी छात्राओं को दी गई। डॉ. हर्ष सोनी द्वारा छात्राओं को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए परामर्श दिया गया। श्री रूपेंद्र सिंह द्वारा क्षय रोग बीमारी के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। श्रीमती अनीता गुप्ता द्वारा एड्स बीमारी के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गई। स्मृति द्विवेदी के द्वारा छात्राओं को किसी भी तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए टोल फ्री 1097 नंबर की जानकारी एवं स्वास्थ्य के बारे में परामर्श प्रदान किया गया। श्री रविशंकर कतिया, एड्स परामर्शदाता ने स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी देते हुए छात्राओं से संवाद के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। जिला चिकित्सालय शहडोल की नर्सिंग स्टाफ द्वारा छात्राओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में डॉ कुमुद सांडय़ा, डॉ सुनीता सिंह मरकाम, प्रो. एस.कुजूर, डॉ. एम.एस हक, शबाना बेगम, स्मृति श्रीवास्तव, पूजा गुप्ता एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# शव वाहन ने अस्पताल परिसर के अंदर दातुन कर रही महिला को मारी टक्कर



**ब्यौहारी।** जय अंबे इमरजेंसी लिमिटेड द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में शव जिला अस्पताल में उपलब्ध कराया था किस उद्देश्य से करवाया था यह उद्देश्य यदि किसी गरीब तबके के आदमी या औरत की मृत्यु हो जाती है तो उनके शव को उनके निजी निवास तक पहुंचाया जा सके मध्य प्रदेश जिला अस्पताल सीधी में 100 वाहन चालक हनुमान मिश्रा जो अत्यधिक शराब पिया हुआ था वह जिला अस्पताल के बाउंड्री के अंदर श्यामवती यादव उम्र 42 साल निवासी निवास की रहने वाली की रहने वाली है यह अपने भाई को जिला अस्पताल पर इलाज करवाने लाई हुई थी जैसे ही सुबह महिला ब्रश कर रही थी वैसे ही शव वाहन के चालक मिश्रा द्वारा बैक करते हुए महिला को ठोकर मार दी जिस महिला स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गई है जिसका इलाज जिला अस्पताल सीधी में चल रहा है सूत्रों से मेरी जानकारी के अनुसार हनुमान मिश्रा अत्यधिक शराब पिए हुए थे और लगभग उनकी उम्र 35 और 40 के बीच बताई जा रही है जय अंबे इमरजेंसी वैसे ही सुर्खियों में चल रही है चाहे वह 108 इमरजेंसी हो या जननी या फिर शव वाहन इसके बावजूद भी शासन प्रशासन ऐसे लापरवाह व्यक्तियों को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौप देती है और जो बेचारा सही आदमी है वह दर-दर भटकता रहता है जब हमारी बात 108 जिला प्रबंधक सीधी से हुई तो उनका कहना है कि यह मामला हमारे तक आया हुआ है मैं दिखवाता हूं यदि गलत पाया जाता है तो उसके ऊपर कार्यवाही की जाएगी।

# दो पाटों के बीच पिस रहे रुंगटा सावो के वाशिंदे

## न कालरी देख रही, न पंचायत... त्योहार से पहले गड्ढे और गंदगी में फंसे लोग





**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की शारदा ओसीएम से सटी रुंगटा श्रमिक कॉलोनी और सावो पंचायत के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित होकर नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। नालियां गंदगी से पटी पड़ी हैं, सड़कें जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। आलम यह है कि हनुमान मंदिर तक पहुंचना भी दुश्वार हो गया है।

### गड्ढों से जूझ रहे लोग

रुंगटा कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर बड़े-बड़े गड्ढों ने आवागमन बाधित कर दिया है। टू-व्हीलर और चार पहिया वाहन निकालना मुश्किल हो गया है। मंदिर जाने वाले श्रद्धालु भी फिसलने और चोटिल होने के डर से परेशान हैं।

### नालियों की सफाई अधर में

निवासियों का कहना है कि गंदगी और कचरे से भरी नालियों की सफाई महीनों से नहीं हुई। कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन न तो पंचायत और न ही कालरी प्रबंधन ने ध्यान दिया।

### त्योहार पर भी संकट के बादल

त्योहारों का मौसम नजदीक है—दशहरा और दीपावली आने वाले हैं—लेकिन कॉलोनी में सड़कों के गड्ढे और गंदगी लोगों की खुशियों पर ग्रहण लगा रहे हैं।

### निवासियों ने खोला मोर्चा

टीकम लाल, संजय रौतेल,महेंद्र सिंह, बिंदु, दया, ईश्वर ढीमर, विजय पासी, रतन लाल पटेल और शिखा सोनवानी जैसे जागरूक नागरिकों ने खुलकर विरोध जताया है। उनका कहना है कि न पंचायत और न कालरी... दोनों जिम्मेदारियां एक-दूसरे पर टाल रहे हैं।

# समधिन रोपणी में हुआ लाखों का मजदूरी घोटाला



## नहीं मिल रही मजदूरों को मजदूरी

**ब्यौहारी।** शहडोल जिले के एक एक के बाद एक हो रहे घोटाले के बद अब मजदूरी घोटाला सामने आया है भ्रष्ट अधिकारी सामग्रियों में घोटाला करने के बाद अब मजदूरों के हक में भी डाका डाल रहे हैं इसी क्रम मेंब्यौहारी विकासखंड के ग्राम बेड़रा में स्थित समधिन रोपणी में लाखों का भृष्टाचार हुआ है जिन मजदूरों में काम किया उनको बहुत कम मजदूरी मिली है किसी मजदूर की दो-दो माह से मजदूरी नहीं मिली रोपणी के रेंजर अनंत त्रिपाठी द्वारा फर्जी वाउचर भर के पैसा निकाल लिया गया मजदूरों का पैसा अभी भी बकाया इस संबंध में मजदूरों द्वारा कई बार रोपणी के प्रभारी से शिकायत की गई कि हमारा पेमेंट कब आएगा तो वहां से कोई जवाब नहीं मिला उनके द्वारा कहा गया कि रेंजर साहब ही बता सकते हैं रेंजर को जब भी फोन लगाया जाता है उनके द्वारा फोन नहीं उठाया जाता में काम करने वाले दो दर्जन मजदूरों की मजदूरी बकाया हैं इसकी शिकायत 18/07/2025 को वनवृत्त रीवा में एवं करते हुए रन्नूकोल पति रामराज कल ने बताया कि हमारे द्वारा बीज इकट्ठा कराया गया था जिसका 15000 रुपए बकाया है और ₹5000 मजदूरी भी बकाया है इसकी शिकायत लिखित रूप से कलेक्टर एवं सीएम हेल्पलाइन क्रमांक जा33427282 में की गई है जिसकी जांच भी हुई लेकिन जांच अधिकारी एच एल सिंह द्वारा रेंजर का ही पक्ष लिया और कहा गया कि तुम्हें पूरी मजदूरी मिल चुकी है तुम्हारी शिकायत झूठी है इसके अलावा अन्य दो दर्जन मजदूर भी हैं जिन्हें मजदूरी नहीं मिली है मिली भी है तो थोड़ी बहुत मिल जाती है लेकिन पूरी मजदूरी कभी नहीं मिल पाती महीना दर महीना हिसाब नहीं ज्यादातर मजदूर अनपढ़ है इसलिए नहीं जान पाते इसके अलावा महीने में 5 दिन की मजदूरी काट दी जाती है इन मजदूरों में प्रेम बाई साकेत बेडरा, सरोज सिंह बेडरा, कुसुम गोंड, कुसुमबाई पति दादू राम कोठिया, नान बाई छोटेलाल ,राधा पति रामाधार, उषा सिंह पति गुलदीप सिंह, रविता सिंह बेडरा, सविता सिंह श्यामलाल, पुष्पा पति निलेश 2 माह का बकाया ,स्वाति सिंह शिवकुमार 15 दिन का बकाया मनीषा पिता अशोक सिंह डेढ़ माह का बकाया ,नेहा सिंह 4 माह में केवल ₹10000 मिला वही नर्सरी में ही रहकर रखवाली करने वाले पति-पत्नी सगुनी बाई सिंह ने बताया कि मुझे 6 - 7 माह से पैसा नहीं मिला कभी थोड़ा बहुत मिल जाता है हम लोग पढ़े-लिखे नहीं है हर महीने मिले तो पता चले हर महीने पैसे मिलते ही नहीं जबकि हम पत्नी पत्नी यहीं रहते हैं नर्सरी की रखवाली करते हैं इसके अलावा भी कई मजदूर की मजदूरी बकाया है रेंजर के कुछ खास आदमी जो नर्सरी में मजदूरों को धमकाते हैं की क्यों मीडिया को जानकारी देते हो ऐसे कर्मचारी के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।




**क्या है सामाजिक वानिकी।** आपको बताते चले की सामाजिक वानिकी के तहत रोपणी में जो पौधे उगाए जाते हैं वहीं से जंगल विभाग जंगल में पौधारोपण करने के लिए खरीदता है एवं शासन के अन्य विभागों को भी पौधे मांग के अनुसार वहीं से मिलते हैं मांग के अनुसार पौधे लगाए जाते हैं सरकार के सभी विभागों को पौधे नर्सरी से ही प्राप्त होते हैं शहडोल जिले में तीन नर्सरी है जहां पौधे उगाए जा रहे हैं जिनमें बुढार,विचारपुर,और समधिन ब्यौहारी तीनों नर्सरींयों के रेंजर अनंत त्रिपाठी जो कभी-कभार नर्सरी में आते हैं और हमेशा रीवा में ही रहते हैं और वहीं से वाउचर भरते रहते हैं जिनका मुख्यालय रीवा और रीवा से ही उनकी देखरेख होती है इस संबंध में हमने समाधिन रोपणी के नए प्रभारी राजेंद्र साकेत से बात की तो उन्होंने कहा कि मैं पहले सामान्य वन मंडल में था नर्सरी में मेरी पहली बार पोस्टिंग हुई है इसी महीने आया हूं मुझे इसकी जानकारी नहीं है की मजदूरी क्यों नहीं मिली रेंजर साहब से ही बात कर लीजिए वही बता सकते हैं सभी मजदूरों ने मुख्यमंत्री कमिश्नर रीवा एवं प्रधान वन संरक्षक से शीघ्र मजदूरी दिलाए जाने की मांग की है।

# सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने की सांसद खेल महोत्सव 2025 को लेकर विस्तृत चर्चा



**ब्यौहारी।** सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने शुक्रवार को जनपद सभागार, ब्यौहारी में आगामी सांसद खेल महोत्सव 2025 के सफल आयोजन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में महोत्सव की रूपरेखा, खिलाड़ियों की सहभागिता तथा आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री शरद जगलाल कोल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षी सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांसद डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खेल महोत्सव के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं, जिससे अधिक से अधिक खिलाड़ियों को अवसर मिल सके और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा सके।

## ड्राइविंग लाइसेंस नागरिकों की सजगता और जिम्मेदारी का प्रतीक



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के इंजीनियरिंग कॉलेज शहडोल परिसर में ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन किया गया। यातायात प्रभारी रामजी भगत ने विद्यार्थियो को दो पाहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने एवं चार पहिया वाले वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाने की समझाष दी। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय पर हमे मोबाइल का उपयोग नही करना चाहिए, अति आवष्यक होने पर वाहन को मार्ग के किनारे खड़े करके मोबाइल का उपयोग करे, सावधानीपूर्वक सडक़ो को पार करें। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस जैसे अन्य महत्वपूर्ण वाहनो के वैध दस्तावेज अवष्य रखे। जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती अनपा खान ने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस सडक़ सुरक्षा की दिशा में नागरिकों की सजगता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। सुरक्षित सडक़ परिवहन और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस अत्यंत आवश्यक है। यह न केवल वाहन चालक की पहचान और योग्यता का प्रमाण है, बल्कि कानूनी दृष्टि से भी अनिवार्य दस्तावेज है। ड्राइविंग लाइसेंस मिलने से चालक का ट्रैफिक नियमों का ज्ञान और जिम्मेदारी भी सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें और वैध ड्राइविंग लाइसेंस लेकर ही वाहन चलाएं। ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प में 120 विद्यार्थियो ने ड्राइविंग लाइसेंस हेतु पंजीयन करवाया।

# ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ युवक, पुलिस से की कार्रवाई की मांग



**बिरसिहपुर पाली। जिले में ऑनलाइन ठगी के मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ताजा मामला पाली थाना क्षेत्र का है, जहां एक युवक को लोन दिलाने के नाम पर ठगों ने हजारों रुपए हड़प लिए। पीड़ित युवक ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को लिखित आवेदन देकर दी है और ठगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।**

पाली वार्ड नंबर 5 निवासी फिरोज अहमद अंसारी पिता मोहम्मद सकील अहमद अंसारी ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि उन्होंने शहर में लोन दिलाने वाले एक पोस्टर पर दिए मोबाइल नंबर 9748287845 पर संपर्क किया। उस नंबर से जुड़े व्यक्ति ने दावा किया कि वह आसानी से लोन पास करा सकता है। सबसे पहले उसने पीड़ित से आधार कार्ड और पैनकार्ड की कॉपी मांगी और फिर ₹2090 प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में जमा करने को कहा। फिरोज अहमद ने उसके कहे अनुसार ऑनलाइन माध्यम से राशि भेज दी, जिसका UTR नंबर भी उन्होंने आवेदन में दर्ज कराया है। राशि भेजने के बाद ठग ने फिर ₹25500 की मांग की। उसने कहा कि यह लोन पास कराने के लिए जरूरी फीस है। उसके दबाव में आकर पीड़ित ने 2 सितंबर 2025 को पहले ₹2000 और फिर कुछ ही मिनटों बाद ₹23500 ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित ने बताया कि राशि भेजने के बाद ठग ने भरोसा दिलाया कि 15 से 20 मिनट में लोन की राशि खाते में आ जाएगी। लेकिन काफी इंतजार करने के बावजूद न तो लोन पास हुआ और न ही ठगों से कोई संपर्क हो पाया। बाद में दूसरे अज्ञात मोबाइल नंबर 9977275906 से फोन आया और पीड़ित को धमकी दी गई कि यदि वह किसी तरह की शिकायत करेगा तो उसे गंभीर अंजाम भुगतना पड़ेगा।

फिरोज अहमद ने पुलिस को बताया कि उनसे कुल ₹25590 की ठगी की गई है। ठगों ने न केवल उनसे रकम हड़पी, बल्कि शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इसके चलते पीड़ित मानसिक रूप से बेहद परेशान है।

पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई है कि मोबाइल नंबर 9748287845 और 9977275906 का इस्तेमाल करने वाले गिरोह की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे ठग आम लोगों को रोजाना निशाना बना रहे हैं और भोले-भाले नागरिक अपनी गाढ़ी कमाई गवां रहे हैं।

आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और ट्रांजैक्शन से जुड़े साक्ष्य भी एकत्रित किए जा रहे हैं। साइबर सेल की मदद से ठगों के मोबाइल नंबर और बैंक खातों की डिटेल निकाली जाएगी।

गौरतलब है कि जिले में बीते कुछ महीनों में ऑनलाइन ठगी के कई मामले सामने आ चुके हैं। कभी लोन, कभी नौकरी और कभी पुरस्कार की लालच देकर ठग लोग मासूम नागरिकों से हजारों-लाखों रुपए हड़प रहे हैं। पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर रही है कि अनजान नंबर से आने वाली कॉल या संदेश पर भरोसा न करें और कोई भी बैंकिंग जानकारी साझा न करें। इस पूरे मामले ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि जागरूकता ही साइबर अपराध से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसे मामलों में तुरंत थाने या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गये 31 फलदार व छायादार पौधे**

# आने वाली पीढ़ी को बेहतर पर्यावरण देने के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी- डीआईजी







**बिरसिहपुर पाली।** एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व्दारा शुरू किया गया एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय प्रयास है । जिससे लोगो को अपनी मां के सम्मान में पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों को एक साथ जोड़ता है। वृक्ष प्राणवायु प्रदान करते हैं। सभी के लिए पौधारोपण करना और उसे बचाना बेहद जरूरी है।पेड़ ही जीवन है। पेड़ पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। यदि पेड़ पौधे ना हो तो हम सब सांस नहीं ले सकते हैं इसलिए जीवन के लिए हम सब को पौधारोपण करने का संकल्प लेना चाहिए। उक्त आशय में पुलिस उपमहानिरीक्षक शहडोल रेंज (डीआईजी) सविता सोहाने ने पाली ग्राउंड परिसर में 31 फलदार व छायादार पौधे रोपण की । उन्होने कहा कि पर्यावरण संतुलित रहे , इसके लिए हमें पौध रोपण करना होगा। हरे भरे पेडो की कटाई बंद करनी होगी । आने वाली पीढ़ी को बेहतर पर्यावरण के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है। हर कोई अपनी मां के नाम से पौध रोपित करें।इस अभियान ने मां के प्रति अपना स्नेह जताने का समान अवसर दिया है। हर जिम्मेदार नागरिक को पौधारोपण करना चाहिए। क्योंकि जब यही पौधे बडे होकर एक विशाल वृक्ष बनेगे तो उनसे हमें फल फूल एवं औषधियां प्राप्त होगी।

एसडीओपी शिवचरण बोहित ने कहा कि मां के नाम पेड़ लगाने से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही, साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भर में भारतीय संस्कृति का गौरव गान हो रहा है, जिसकी हर देशवासी खुशी मना रहे हैं। प्रकृति के पोषण के लिए धरती माता और मानव जीवन के पोषण के लिए हमारी माताओं के बीच समानता दर्शाते हुए अपनी मां के प्रति प्रेम,आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पेड़ लगाने और धरती माता की रक्षा करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार माय भारत नेहरू युवा केंद्र उमरिया द्वारा व्दारा किया गया। इस अवसर पर पाली एसडीओपी शिवचरण बोहित, पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा, एक्स वालंटियर हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,शिखा बर्मन, वैष्णवी बर्मन,राहुल सिंह, योगेंद्र सिंह व सभी उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर धान रोपकर कांग्रेस का अनोखा विरोध

**बिरसिंहपुर पाली।** रामपुर में वर्षों से अधूरे पड़े एनएच-43 सड़क और फ्लाईओवर निर्माण को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसजनों ने अधूरे पड़े फ्लाईओवर ब्रिज पर धान की रोपाई कर सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि सड़क और पुल का निर्माण कार्य लगभग आठ सालों से अधूरा पड़ा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और आमजन की परेशानी लगातार बढ़ रही है।

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद उपाध्याय ने कहा कि रामपुर क्षेत्र से गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-43 का काम सालों से अटका हुआ है। लगभग सात-आठ साल हो चुके हैं, लेकिन आज तक सड़क और पुल का काम पूरा नहीं हुआ। आदिवासी क्षेत्र के लोगों के साथ यह अन्याय है। सरकार सोई हुई है, इसलिए हमने रोपा लगाकर विरोध किया। अगर जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य पूरा नहीं किया गया तो हम उग्र आंदोलन करेंगे।

वहीं कांग्रेस नेता रवि मिश्रा ने बताया कि जहां से यह सड़क निर्माण प्रारंभ हुआ था, वहां से लेकर अधिकांश हिस्से में काम पूरा हो चुका है। लेकिन उमरिया जिले का लगभग 15 किलोमीटर हिस्सा अब भी अधूरा पड़ा है। ब्रिज और सड़क का काम आधा-अधूरा है। साल 2016 में कार्य शुरू हुआ था, अब 2025 समाप्त होने को है, फिर भी सड़क पूरी नहीं बनी। मानपुर और बांधवगढ़ दोनों विधानसभा क्षेत्र भाजपा के पास हैं, यहां तक कि मानपुर विधायक मंत्री भी रह चुकी हैं, लेकिन उनके कार्यकाल में शुरू हुआ यह काम अब तक पूरा नहीं हो सका। भाजपा नेताओं को यह सड़क शायद दिखाई ही नहीं देती। वे कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। हम केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मांग करते हैं कि आदिवासी क्षेत्र की इस उपेक्षा को खत्म कर जल्द सड़क का कार्य पूरा कराए।

युवा कांग्रेस नेता रजनीश तिवारी ने भी सड़क निर्माण की सुस्ती पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि एनएच-43 का कार्य लगभग आठ साल पहले कटनी से अनूपपुर तक प्रारंभ हुआ था और अन्य क्षेत्रों में सड़क बनकर तैयार हो चुकी है। लेकिन उमरिया जिले का हिस्सा जस का तस पड़ा हुआ है। यहां न सड़क पूरी है, न फ्लाईओवर। यही कारण है कि लोगों की परेशानी और गुस्सा दोनों बढ़ते जा रहे हैं। अधूरे पड़े सड़क और फ्लाईओवर के कारण रामपुर और आसपास के क्षेत्रों में यातायात प्रभावित है। भारी वाहनों के आवागमन के दौरान अक्सर जाम की स्थिति बनती है और खराब सड़क की वजह से दुर्घटनाएं भी लगातार हो रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी की लापरवाही और सरकार की अनदेखी के कारण क्षेत्रीय जनता वर्षों से परेशान है।

विरोध प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद उपाध्याय, रवि मिश्रा, भोला साहू, सनू उपाध्याय, बलराम प्रजापति, साजिद खान, सुनील साहू, अंकित, राजेश कोल, रजनीश तिवारी, रवि प्रजापति, जावेद खान, नितेश शुक्ला, दुर्गेश नामदेव, सुधांशु सिंह, दीपक सरकार, विक्की सिंह, अतीक खान, पियूष कोल, शिव कोल और अनिकेत सिंह ने किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार केवल आदिवासियों से वोट लेती है, लेकिन उनके विकास की ओर ध्यान नहीं देती। उन्होंने कहा कि एनएच-43 जैसे महत्वपूर्ण मार्ग का अधूरा होना सरकार की विकास नीति पर सवाल खड़े करता है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्द से जल्द सड़क और फ्लाईओवर का काम पूरा नहीं किया गया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल सड़क निर्माण का मुद्दा नहीं है बल्कि आदिवासी क्षेत्र के विकास और सुरक्षा का भी सवाल है। कांग्रेस के इस अनोखे विरोध प्रदर्शन ने स्थानीय लोगों का ध्यान खींचा। धान की रोपाई करके सड़क और फ्लाईओवर पर विरोध दर्ज कराना कार्यकर्ताओं की एक प्रतीकात्मक कोशिश थी, जिससे यह संदेश दिया गया कि अगर सड़क समय पर पूरी नहीं हो रही तो लोग इसे खेती योग्य भूमि मानकर इस्तेमाल करने को मजबूर हैं।

स्थानीय नागरिकों ने भी कांग्रेस के इस कदम का समर्थन किया और सरकार से मांग की कि बिना देरी किए निर्माण कार्य पूरा किया जाए।

महंगाई इतनी कि एक ही दिन मे ग्रामीणों ने खाई 36 हजार की बूंदी, पसला के सरपंच, सचिव के बूंदी के बिल चकरा देंगे दिमाग

# ‘बूंदी’ की मिठास ने जिम्मेदारों को ‘ललचाया’,अब उसी बिल ने उन्हें फंसाया

### 15 अगस्त में फर्जी बिल का भंडाफोड़, मामला ग्राम पंचायत पसला का


निर्माण कार्य एवं अन्य कार्यों में भ्रष्टाचार की चर्चा प्रायः सुनी जाती है, लेकिन राष्ट्रीय पर्व पर वितरित की जाने वाले बूंदी की राशि में भ्रष्टाचार की बात कम ही सुनाई दी है। जिले के जैतहरी तहसील के पसला ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का ऐसा ही मामला उजागर हुआ है, जिसमें ग्राम पंचायत के नुमाइंदे राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त 2025 को बांटे जाने वाले बूंदी पर बड़ा घोटाला कर दिया। घोटाला उजागर होते ही पंचायतवासी परेशान हैं कि आखिर 36 हजार की बूंदी किसे बांट दी गई जबकि हमें तो बूंदी का एक दाना भी नसीब नही हुआ। यह जरूर है कि दिखावे के लिए कुछेक लोगों को प्रसाद के तौर पर कुछ मिला था।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले में सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। राष्ट्रीय पर्वो के नाम पर भी भ्रष्टाचार चरम पर है, राष्ट्रीय पर्व पर लगे बिल ने एक फिर चौंका दिया है। कार्रवाई के अभाव में यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बूंदी के नाम पर करीब 36 हजार रुपये के बिल ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत पसला मे 36 हजार रुपये के बूंदी पर खर्च के बिल वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल बिलों के अनुसार 15 अगस्त 2025 के दिन बूंदी वितरण मे खर्च हुये दो बिल क्रमांक 4 व 5 के जरिए 18-18 हजार रूपये पास कराए गए हैं। ग्राम पंचायत पसला के रहवासियों ने शासन-प्रशासन से वायरल बिलों की जांच कराने की मांग की है। वहीं, यह बिल देने वाले होटल संचालक सुशील मिष्ठान्न भण्डार पसला से भी कड़ाई से गहन पूछताछ की मांग की है।

### यह है मामला

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 15 अगस्त के दिन ग्राम पंचायत पसला में 36000 के बूंदी को लेकर मामला सामने आया है। एक सुशील मिष्ठान भंडार के नाम का फर्जी बिल लगाकर पंचायत में बैठे जिम्मेदार पैसों की हेराफेरी कर रहे हैं। 15 अगस्त को पूरे भारत देश में आन बान शान के साथ तिरंगा फहराया जाता है शासन प्रशासन या हर नागरिक स्वतन्त्रता दिवस का जश्न मनाता है लेकिन ऐसे खास मौके पर शासन प्रशासन को नजर अंदाज करते हुए पंचायत में बैठे लोग फर्जी बिल बनाकर मनमर्जी पर उतारू हैं।




### सुर्खियां बटोर रही 36000 की बूंदी

आश्चर्य की बात है कि जहां छत्तीस हजार की बूंदी 15 अगस्त में बंटवाया गया हो तो वह बूंदी सभी जनता तक आवश्यक रूप से पहुंची होगी पर अफसोस कि ऐसा कुछ भी नही हुआ। जितना मन उतना का बिल लगा कर सारे पैसा जेब में, लेकिन ये भूल है। एक एक पैसे का हिसाब देना पड़ेगा। जबसे ग्रामीणों को पता चला पूरे गांव में शोर है कि 15 अगस्त में 36000 का बूंदी वितरण किया गया था। पर मिला किसको, किसी को नही पता। तब से लोग आश्चर्यचकित हैं कि इतना महंगी बूंदी आखिर किसने खाई।

### सुशील मिष्ठान भंडार के नाम फर्जी बिल

जानकारी जुटाने पर पता चला कि ग्राम पसला में सुशील मिष्ठान भंडार के नाम की कोई दुकान ही नहीं है और पंचायत ने सुशील मिष्ठान के नाम का दुकान भी स्थापित कर दिया। जिसके नाम से फर्जी बिल लगा कर कितने रुपए गबन कर चुके हैं। प्रशासन ने अगर पसला पंचायत की सूक्ष्मता से जांच करे तो ऐसे कई भ्रष्टाचार उजागर होंगे। पिछले कई छोटे बड़े कार्यक्रम में यही बिल लगाकर बिल पास करवा लेते हैं जिसकी किसी को भनक तक नहीं लगती थी।

### आदर्श ग्राम पंचायत मे ही घोटाला

ग्राम पंचायत पसला अनूपपुर जिले का आदर्श ग्राम रहा जो जैतहरी जनपद के अंतर्गत आता है। जिस ग्राम की सराहना की जा रही थी वह भ्रष्टाचार में संलिप्त है। ऐसे भ्रष्टाचारी पंचायत के खिलाफ पंचायत में बैठे भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले कर्मचारी, प्रतिनिधि जो जनता के हक को डकार रहे हैं पंचायत में विकास की जगह विनाश की गति तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे पंचायत में सरपंच सचिव मुख्य रूप से भागीदारी हैं जो पंचायत को भ्रष्टाचार का गढ़ बना लिए हैं और अपनी जेब गरम करने में जुटे हैं। अगर शासन प्रशासन ने ऐसे पंचायत के खिलाफ कार्यवाही नहीं की तो आने वाले समय में पसला पंचायत सिर्फ भ्रष्टाचार पंचायत के नाम से उजागर होगा जिसे लोग सुर्खियों में रखेंगे। ग्रामवासी न्याय की आस में हैं, देखना होगा कि शासन प्रशासन की ओर से कब तक निष्पक्ष जांच और कार्यवाही की जाएगी।

### इनका कहना है

आपके माध्यम से मामला मेरे संज्ञान मे आया है, इस मामले मे सूक्ष्मता से जांच कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

**केके रैकवार, सीईओ**
जनपद पंचायत जैतहरी

# हाथी के हमले से घायल युवक ने 22 दिन बाद तोड़ दम

### वन एवं पुलिस विभाग ने दी सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर



22 दिन पूर्व जैतहरी इलाके के लहरपुर गांव में हाथी द्वारा एक युवक को सूंढ से पकड़ कर घायल करने पर गंभीर रूप से घायल युवक के उपचार कराकर घर रहने पर गुरुवार की शाम मौत हो गई। घटना की सूचना पर वनविभाग एवं पुलिस विभाग के साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि मृतक के घर पहुंच कर बातचीत करते हुए वनविभाग ने प्रारंभिक सहायता राशि प्रदाय की। इस संबंध में बताया गया कि 22 अगस्त की रात 10 बजे एक अकेला नर हाथी जो दिन के समय धनगवां बीट के जंगल में ठहरने बाद रात होने पर जैतहरी थाना अंतर्गत लहरपुर गांव के गोडानटोला में 41 वर्षीय हेमराज पिता सुखलाल सिंह गोंड जो अपने खेत में बने घर में सो रहा था तभी हाथी के द्वारा घर को तोड़फोड़ करने की आहट मिलने पर वह घर के बाहर निकाला जिस पर हाथी द्वारा हेमराज को सूढ से पकड़ कर पटक दिया जिससे हेमराज के पीठ, रीड की हड्डी तथा एक पैर के जांघ में हाथी के दांत गड़ाकर गम्भीर रुप से घायल किया जिसे वनविभाग एवं परिजनों द्वारा जैतहरी से जिला चिकित्सालय अनूपपुर से शहडोल के बाद बिलासपुर में एक निजी चिकित्सालय में उपचार कराया गया। 3 सितंबर को डॉक्टर ने घर पर बेड रेस्ट करने हेतु छुट्टी दिए जाने पर घर पर ही युवक पडा रहता रहा जिसकी 11 सितंबर गुरुवार की शाम घर पर मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर वन परिक्षेत्राधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा, परिक्षेत्र सहायक जैतहरी पूरन सिंह मरावी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाल्मीक राठौर, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल, जैतहरी थाना के प्रधान आरक्षक मनोज सिंह के साथ अन्य जनप्रतिनिधि स्थल पर पहुंचकर परिजनों से बातचीत की इस दौरान वनविभाग द्वारा मृतक की पत्नी शांती बाई को प्रारंभिक सहायता राशि प्रदान की वही पुलिस के द्वारा मौका पंचनामा कर पीएम कराया गया।

# डोंगरगढ़ से मैहर तक नवरात्रि स्पेशल मेमू ट्रेन की मांग



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश जो कभी एक राज्य था वह आज अलग-अलग हो चुका है, लेकिन छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ से लेकर मध्यप्रदेश के मैहर तक नौ देवियां विराजित है। नवरात्रि का समय आ रहा है लोगों की मंशा है की रेलवे नवरात्रि स्पेशल मेमू ट्रेन डोंगरगढ़ से मैहर के मध्य प्रतिदिन चलाएं तो निश्चित ही रेलवे की आय में बढ़ोतरी होगी और यात्रियों को काफी लाभ होगा और नौ देवियों के दर्शन यात्री अपनी इच्छा अनुसार कर सकेंगे। डोंगरगढ़ से लेकर मैहर तक जो नौ देवियां रास्ते पर पड़ेगी उसमें प्रमुख है- डोंगरगढ़ बम्लेश्वरी देवी, रतनपुर महामाया मंदिर, भंवर टैंक मरही माता देवी, बुढार भटिया देवी, बिरसिंहपुर पाली बिरासिनी देवी, नरोजाबाद उचेहरा वाली देवी, उमरिया में ज्वालामुखी देवी, चंदिया में चंडिका देवी मंदिर एवं मैहर में मां शारदा देवी का मंदिर प्रमुख है। देखा जाता है कि नवरात्रि में माता के दर्शन करने के लिए काफी संख्या में भक्तगण ट्रेनों से आना-जाना करते हैं।लेकिन ट्रेन की सुविधा भक्तों की अपेक्षा काफी कम है।जिसके लिए जरूरी है कि नवरात्रि स्पेशल मेमू ट्रेन का रेलवे संचालन प्रारंभ करें।निश्चित ही रेलवे को उस मेमू ट्रेन से अच्छी आय प्राप्त होगी और यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेलवे को चाहिए कि नवरात्रि के समय छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में रास्ते में पड़ने वाली नौ देवियों के रेलवे स्टेशनों पर सभी ट्रेनों का स्टॉपेज घोषित किया जाए। जिससे यात्री अधिकाधिक लाभान्वित हो सके। नवरात्रि को कुछ ही दिन बचे हैं।रेलवे को चाहिए कि प्रपोजल तैयार कर रेलवे बोर्ड से अनुमति लेकर मेमू ट्रेन चलाने की सुविधा प्रारंभ करें।जहां एक और भक्त लाभान्वित होंगे वही रेलवे भी भक्तगणों से अच्छी आय प्राप्त करेगी।देखना है रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी इस प्रपोजल पर कितनी जल्दी कार्यवाही को अंतिम रूप देते हैं।

# अमरकंटक के वार्ड 11 में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, दो दर्जन से अधिक अतिक्रमण ढहाए



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के वार्ड क्रमांक 11 बैंक टोला क्षेत्र में शुक्रवार सुबह 10:30 बजे नगर पंचायत, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान दो दर्जन से अधिक झुग्गी-झोपड़ियां और कच्चे मकान तोड़े गए। प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। प्रशासन का कहना है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई से अन्य अतिक्रमणकारियों में भी डर का माहौल है। बताया गया कि करीब 10 एकड़ भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। वार्डवासियों ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि कार्रवाई से पहले उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया। उनका कहना है कि बरसात के बीच मकान तोड़े जाने से वे बेघर हो गए हैं। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन गरीबों पर सख्ती करता है, जबकि बड़े अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करने से बचता है। नगर परिषद अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पार्वती सिंह उइके ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अचानक शुरू हुई और इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि उन्होंने नायब तहसीलदार को आवेदन देकर बारिश और नवरात्रि पर्व को देखते हुए कुछ समय की मोहलत देने का अनुरोध किया था, लेकिन प्रशासन ने उनकी आपत्ति को नजरअंदाज कर दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में नायब तहसीलदार कौशलेंद्र मिश्रा, भूपेंद्र मिश्रा, नगर पंचायत सीएमओ चैन सिंह परस्ते, चैन सिंह मंडलोई (लेखापाल), गणेश पाठक, मनीष विश्वकर्मा, बैजनाथ चंद्रवंशी, प्रियम द्विवेदी, गणेश यादव, दिनेश सोनी सहित नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

# कौदैली की ऊषा चौधरी के जीवन में लाया खुशियों का संबल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जीवन में कई बार विपरीत परिस्थितियाँ आकर हमें तोड़ने की कोशिश करती हैं, लेकिन सही समय पर मिला सहारा नई राह दिखा सकता है। ऐसी ही एक कहानी है, अनूपपुर जिले के जैतहरी विकासखण्ड के ग्राम कौदैली की रहने वाली ऊषा चौधरी की। जिनके जीवन में मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल 2.0) योजना ने नई उम्मीद और आर्थिक स्थिरता का संबल प्रदान किया है। हितग्राही ऊषा चौधरी के बैंक खाते में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 9 सितम्बर को सिंगल क्लिक के माध्यम से संबल योजना के तहत 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि अंतरित की गई। ऊषा चौधरी ने बताया कि उनके पति बृजलाल चौधरी मजदूरी एवं खेती का कार्य करके परिवार का पालन-पोषण करते थे, लेकिन दुर्घटना में उनका निधन हो गया। उन्होंने बताया कि उनके पति का नाम मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल 2.0) योजना में पंजीकृत था, जिसके कारण उनके निधन के पश्चात योजना के तहत 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की गई। ऊषा चौधरी ने कहा कि यह राशि उनके परिवार के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे बच्चों की शिक्षा, कृषि एवं अन्य आवश्यक कार्यों में सहूलियत मिलेगी, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और बच्चों के भविष्य को संवारने का अवसर प्राप्त होगा।

# शहडोल नगर को सुन्दर एवं स्वच्छ बनाने हेतु करें समन्वित प्रयासः विधायक

### वर्षा के समाप्ति के साथ ही नगर की सडक़ों का निर्माण कराएं निर्माणः कलेक्टर



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय को साफ, स्वच्छ, सुन्दर एवं अतिक्रमण रहित बनाने हेतु प्रशासन, नगरपालिका, जनप्रतिनिधि तथा व्यापारी एवं आम नागरिक समन्वित प्रयास करें। नगर से अतिक्रमण हटाने, पार्किंग व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने में सभी सहभागी बनें। ये विचार जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह नें कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में नगर की व्यवस्थाओं के संबंध में व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए व्यक्त किए।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि वर्षा के कारण नगर की सडक़ों की मरम्मत या पुर्ननिर्माण की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल को शीघ्र नगर की सडक़ों की मरम्मत के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आवारा पशुओं के कारण यातायात व्यवस्था बाधित होती है तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। इससे निजात पाने के लिए आवारा पशुओं को सडक़ों से हटाने का अभियान चलाया जाए। कलेक्टर ने नगर के व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकाने सडक़ों पर अतिक्रमण कर नहीं लगाएं, दुकानों के संचालन के लिए निर्धारित स्थान की सीमा में ही दुकानों का संचालन करें तथा जहां अतिक्रमण की स्थिति बनती है, आमजनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए स्वयं हटा लें। उन्होंने कहा कि फुटपाथ जो पैदल चलने वाले लोगों के लिए बनाए गए हैं उन स्थानों पर ठेले या दुकान नहीं लगाए जाएं।

बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल अक्षत बुंदेला ने बताया कि बरसात के कारण नगर की सडक़ों की मरम्मत का कार्य संभव नहीं हो पा रहा था अब शीघ्र ही नगर के मुख्य मार्गों झूलापुल मार्ग, इंदिरा चौक से बस स्टैण्ड मार्ग, रेलवे स्टेशन मार्ग तथा पाण्डव नगर मार्ग के निर्माण या मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

जिला व्यापारी संघ द्वारा नगर की सडक़ों की मरम्मत, सडक़ों से आवारा पशुओं को हटाने, पार्किंग की व्यवस्था करनें, स्ट्रीट लाइन व्यवस्थित करनें के संबंध में जिला प्रशासन से चर्चा की गई। व्यापारी संघ द्वारा आस्वस्त किया गया कि जिन मार्गों में अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता है उन मार्गों में नगर पालिका द्वारा चिन्हांकन कर दिया जाए व्यापारी स्वमेव अतिक्रमण हटाने के लिए आगे आएंगे।

जिला चिकित्सालय को बनाए स्वच्छ एवं सुंदरः विधायक

# दुकानों का किराया न देने वाले दुकान संचालकों को भेजे नोटिसः कलेक्टर

### रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न




**शहडोल।** जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में विराट सभागार में रोगी कल्याण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे विधायक ने कहा कि जिला अस्पताल में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों तथा आस-पास के जिलों के मरीज स्वास्थ्य लाभ हेतु आते हैं। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप इन मरीजों की जांच, निःशुल्क उपचार की अच्छी व्यवस्थाएं, सुनिश्चित की जाएं। जिला चिकित्सालय का स्टॉफ एवं चिकित्सक इनसे संवेदनशीलता का व्यवहार करें, उपचार के बाद स्वस्थ्य होकर जाने वाले लोग संतुष्ट होकर जाएं। आपने जिला चिकित्सालय परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा अस्पताल परिसर की भी नियमति सफाई की व्यवस्था निर्वाध रूप से संचालित करनें के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए। उन्होंनें कहा कि अस्पताल परिसर में बारिस के दौरान पानी का भराव हो जाता है, पानी के भराव को रोकने के लिए पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए।

बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अस्पताल परिसर में संचालित हो रहीं दुकानें एवं उनसे मिलने वाले किराए की जानकारी ली। उन्होने कहा कि अस्पताल परिसर में संचालित होने वाली दुकानों का किराया समय पर मिले यह सुनिश्चित करें तथा समय पर दुकान का किराया न देने वाले दुकान संचालकों को नोटिस भेजें, नोटिस देने के बाद भी अगर किराया नहीं देते हैं तो दुकान बंद कराने की भी कार्यवाही करें।

बैठक में अस्पताल परिसर में सीसीटीव्ही कैमरे लगानें एवं परिसर में हाई मास्क लाईट लगाने, जिला चिकित्सालय परिसर में साफ सफाई, जल की निकासी, रोगी कल्याण समिति द्वारा संचालित दुकानों के किराए में वृद्धि व दुकानों के संचालन जैसे अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा कर समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल श्री अक्षत बुंदेला, सिविल सर्जन डॉ. सिल्पी सराफ, रोगी कल्याण समिति के सदस्य डा. ए.के.श्रीवास्तव, श्री लीलाधर खोड़िहार, डॉ. मुकुन्द चतुर्वेदी, डॉ. पुनीत श्रीवास्तव सहित अन्य रोगी कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# पूजा स्पेशल ट्रेन की समय सारणी मे आंशिक परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

रेलवे प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय त्यौहारो के अवसर पर गाड़ियों मे होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन दुर्ग एवं हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन के मध्य आठ फेरे के लिये की जा रही है। यह ट्रेन दुर्ग से गाड़ी संख्या 08760 तथा हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन से गाड़ी संख्या 08761 के साथ चलेगी। ये गाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, उसलापुर, पेंडरा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुरवारा, दमोह, सागर, झाँसी, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, पलवल स्टेशनों पर ठहरकर हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन तक जाएगी। 08760 दुर्ग हज़रत निज़ामुद्दीन पूजा स्पेशल दुर्ग से दिनांक 05 अक्टूबर से 23 नवम्बर, 2025 तक तथा 08761 हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग पूजा स्पेशल हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन से दिनांक 06 अक्टूबर से 24 नवम्बर, 2025 तक छूटेगी की घोषणा की गयी थी। रेलवे प्रशासन के द्वारा दुर्ग से चलने वाली 08760 दुर्ग हज़रत निज़ामुद्दीन पूजा स्पेशल ट्रेन का रायपुर स्टेशन की समय सारणी आंशिक परिवर्तन किया गया है। यह गाड़ी रायपुर स्टेशन 11.20 बजे पहुचकर 11.30 बजे रवाना होगी।

# बीते 24 घंटे में जिले में 7.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 7.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र कोतमा में 7.3 मिली मीटर, बिजुरी में 15.8 मिली मीटर, वेंकटनगर में 4.7 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 10.6 मिली मीटर, अमरकंटक में 14 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 10.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र अनूपपुर तथा जैतहरी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।